बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
झाँसी

प्रशासकीय परिषद की 25वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठ़क संख्या	:	25 वीं
स्थान	:	गोमती होटल, हजरतगंज, लखनऊ।
दिनांक	:	24 अप्रैल, 2018
समय	:	पूर्वान्ह 11.00 बजे

बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी
की

प्रशासकीय परिषद की 25वीं बैठक का कार्यवृत्त

बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की 25 वीं बैठक आज दिनांक 24.04.2018 को पूर्वान्ह् 11.00 बजे माननीय अध्यक्ष, इं0 राकेश गुप्ता, झाँसी की अध्यक्षता मे गोमती होटल, हजरतगंज, लखनऊ मे सम्पन्न हुई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :–

1.	इं0 राकेश गुप्ता 37/02, सिविल लाइन्स झाँसी।	.....	अध्यक्ष
2.	श्री भुवनेश कुमार सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।	.....	उपाध्यक्ष
3.	श्री एम0 आर0 मौर्य संयुक्त निदेशक प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव वित्त विभाग उ0 प्र0 शासन लखनऊ।	.....	सदस्य प्रतिनिधि
4.	मा0 प्रो0 विनय कुमार पाठक कुलपति डा0 ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्रा0 वि0 विश्वविद्यालय लखनऊ।	.....	सदस्य
5.	प्रो0 डी0 सी0 श्रीवास्तव प्रतिनिधि, निदेशक आई0आई0टी0, रूड़की।	.....	सदस्य प्रतिनिधि

6. श्री आर0 सी0 राजपूत ..... सदस्य
निदेशक
प्राविधिक शिक्षा
उ0 प्र0, कानपुर।

7. प्रो0 एम0 के0 गुप्ता ..... सदस्य
विभागाध्यक्ष
प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग
बी0आई0ई0टी0,
झाँसी।

8. प्रो0 अनिल कुमार ..... सदस्य
विभागाध्यक्ष
कम्प्यूटर साइंस एवं इंजी0 विभाग
बी0आई0ई0टी0,
झाँसी।

9. प्रो0 अकील अहमद ..... सदस्य
पूर्व डीन, लखनऊ विश्वविद्यालय
कन्ट्रोलर आफ एग्जाम
इन्टीग्रल विश्वविद्यालय
लखनऊ।

10. श्री डी0 के0 दीक्षित ..... सदस्य
कार्यपालक निदेशक
बी0एच0ई0एल0
झाँसी।

11. डा0 डी0 बी0 शाक्यवार ..... सदस्य
प्रमुख वैज्ञानिक
आई0सी0ए0आर0सी0
एस0डब्लू0आई0आई0
अविका नगर, बाया-जयपुर
राजस्थान।

12. प्रो0 गौरी शंकर ..... सदस्य
रिटायर्ड प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
बायोकैमिकल इंजी0 एवं फूड टेक्नोलाजी
एच0बी0टी0आई0,
कानपुर।

13. प्रो0 वी0 के0 त्यागी ..... सदस्य सचिव
निदेशक
बी0आई0ई0टी0
झाँसी।

V.K.T.

जो सदस्य उपस्थित न हो सके :–

1.	प्रो0 अभय करनाडिकर निदेशक आई0आई0टी0, कानपुर।	.....	सदस्य
2.	प्रो0 पी0 बी0 उलागड़ी एडवाइजर–।।, ए0आई0सी0टी0ई0 चन्द्रलोक बिल्डिंग सातवाँ तल, जनपथ, नई दिल्ली।	.....	सदस्य
3.	इं0 पी0 ए0 खरवडकर मैनेजिंग डायरेक्टर करोना प्लस इंडस्ट्रीज, कौशलपुरी कानपुर।	.....	सदस्य
4.	प्रो0 एस0 जी0 देशमुख निदेशक आई0आई0आई0टी0, ग्वालियर।	.....	सदस्य
5.	प्रो0 विनोद यादव निदेशक एन0आई0टी0 हमीरपुर हिमांचल प्रदेश।	.....	सदस्य

25.01 **प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 26 जुलाई, 2017 को सम्पन्न हुई चौबीसवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद ने विचारोपरान्त प्रशासकीय परिषद की दिनांक 26.07.2017 को सम्पन्न हुई 24 वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

25.02 **प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 26 जुलाई, 2017 को सम्पन्न हुई चौबीसवीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 26.07.2017 को सम्पन्न हुई 24 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों की कृत्त कार्यवाही से परिषद अवगत हुई।

परिषद मद संख्या 24.02 पर श्री राम आशीष विश्वकर्मा के प्रकरण पर प्रकियाधीन कार्यवाही से अवगत हुई तथा प्रकरण पर निदेशक स्तर से कार्यवाही अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु निदेशक महोदय को निर्देशित करने के साथ-साथ यह सुझाव भी दिया कि, पूर्व प्रशासकीय परिषद की बैठकों पर हुए निर्णयों /दिशा निर्देशों के कम में कार्यवाही पूर्ण न होने तक प्रकरणों को आगामी प्रशासकीय बैठकों मे प्रस्तुत किये जाने का निर्देश भी दिया।

परिषद संस्थान हेतु एक अंशकालिक महिला चिकित्सक की नियुक्ति से अवगत हुई।

परिषद मद संख्या 24.16 पर प्रो0 अंजना सोलंकी को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति किये जाने के प्रकरण पर कृत्त कार्यवाही से अवगत हुई तथा प्रकरण पर शासकीय स्वीकृति उपरान्त कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद ने मद संख्या 24.22 पर संस्थान का वर्ष 2013 से वर्तमान वर्ष तक का आडिट न होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए यह निर्देशित किया कि महालेखा सम्परीक्षा विभाग द्वारा आडिट कराये जाने हेतु प्रभावी प्रयास किये जाये तथा सम्परीक्षा विभाग द्वारा समय से आडिट न किये जाने की दशा मे संस्थान का आडिट स्थानीय/ निजी आडिट टीम से आवश्यक रूप से करा लिया जाये।

25.03 **प्रशासकीय परिषद की दिनांक 18.11.2017 को सम्पन्न हुई बाई-सर्कुलेसन बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण तथा बैठक मे हुए निर्णय से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद ने विचारोपरान्त दिनांक 18.11.2017 को सम्पन्न हुई बाई-सर्कुलेशन आकस्मिक बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि करते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।

25.04 **संस्थान की दिनांक 26 जुलाई, 2017 से वर्तमान तक की प्रगति आख्या से परिषद को अवगत कराना।**

परिषद संस्थान की दिनांक 26.07.2017 से वर्तमान तक की प्रगति आख्या से अवगत हुई।

परिषद अंतिम वर्ष के छात्रों की गेट परीक्षा मे उत्तीर्ण हुए छात्रों के प्रतिशत से अवगत हुई और उत्तीर्ण प्रतिशत को और अधिक बढ़ाये जाने के प्रयास किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद ने संस्थान स्तर से समस्त छात्रों को समर इंटरनशिप के अवसर प्रदान किये जाने हेतु ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट विभाग को समुचित व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया तथा संस्थान के प्लेसमेन्ट को बढ़ाये जाने के लिये इंडस्ट्रीज-इंस्टीट्यूट-इंट्रेक्सन तथा छात्रों के व्यक्तित्व के विकास हेतु निजी कन्सल्टेन्ट की सेवाऐ लिये जाने का सुझाव दिया। साथ ही संस्थान स्तर पर प्लेसमेन्ट हेतु आमंत्रित इंडस्ट्रीज के अतिरिक्त प्लेसमेन्ट एजेंसियों को भी संस्थान मे आमंत्रित कर छात्रों के प्लेसमेन्ट को बढाये जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उपरोक्त के दृष्टिगत परिषद ने प्लेसमेन्ट से सम्बंधित विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर आगामी प्रशासकीय परिषद मे प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

25.05 **संस्थान मे वर्तमान में कराये जा रहे निर्माण कार्यों, भविष्य में प्रस्तावित निर्माण कार्यों से परिषद को अवगत कराना।**

परिषद संस्थान के निर्माण कार्यो से अवगत हुई। परिषद ने भवन निर्माण समिति की बैठक के कार्यवृत्त को अनिवार्य रूप से समस्त बैठकों मे प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया। उक्त के अतिरिक्त परिषद ने संस्थान के विकास कार्यो तथा मूलभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु उपलब्ध करायी जा रही धनराशि हेतु शासन का आभार व्यक्त किया।

25.06 **विश्व बैंक सहायतित टीईक्यूआईपी-।।। सम्बंधित प्रगति आख्या परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद टीईक्यूआईपी-।।। से सम्बंधित प्रगति आख्या से अवगत हुई। तद्क्रम में बिन्दु संख्या-4 पर टीईक्यूआईपी-।।। के अर्न्तगत विभिन्न उपकरणों के क्रय प्रकिया हेतु गठित समिति व बिन्दु संख्या-5 पर क्रय के अर्न्तगत भुगतान के सम्बंध में मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित वित्तीय सीमाओं पर परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही बिन्दु संख्या-6 पर गेट परीक्षा में बी.टेक. अंतिम वर्ष के छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उनकी गेट परीक्षा की फीस को

टीईक्यूआईपी–।।। मद से प्रतिपूर्ति किये जाने के प्रस्ताव पर परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया।

बिन्दु संख्या–7 पर एन.पी.आई.यू. द्वारा पी.डी.ए. कालेज, गुलबर्ग को संस्थान का ट्यूनिंग पार्टनर बनाये जाने सम्बंधी प्रस्ताव पर परिषद ने अपना अनुमोदन प्रदान किया।

उपरोक्त के क्रम में परिषद ने संस्थान के टीईक्यूआईपी–।।। प्रोग्राम के तहत की जाने वाली कार्यवाही पर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही यह सुझाव दिया कि टीईक्यूआईपी–।।। से सम्बंधित बजट का सदुपयोग किये जाने हेतु निर्धारित लक्ष्यानुसार योजनाबद्ध रूप से कार्यवाही की जाये। जिससे उक्त मद में प्राप्त धनराशि का उपयोग समयान्तर्गत किया जा सके।

25.07 <u>संस्थान की दिनांक 20.01.2018 को सम्पन्न हुई एकेडमिक्स समिति की बैठक के कार्यवृत्त परिषद के विचारार्थ/ अवलोकनार्थ प्रस्तुत।</u>

परिषद संस्थान की एकेडमिक्स समिति की बैठक के कार्यवृत्त से अवगत हुई।

25.08 <u>संस्थान मे सीधी भर्ती के अर्न्तगत शिक्षकों की भर्ती हेतु चयन समिति की संस्तुतियाँ परिषद के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।</u>

परिषद ने संस्थान हेतु हुई 05 शिक्षकों के चयन व कार्यभार ग्रहण कर लिये जाने से अवलोकित होते हुए चयन समिति की संस्तुतियों पर अपनी कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।

25.09 <u>संस्थान के संकाय सदस्यों को कैरियर उन्नति योजना (कैश) के अर्न्तगत प्रोन्नति हेतु स्क्रीनिंग सह–मूल्यांकन समिति/ चयन समिति की संस्तुतियाँ परिषद के विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।</u>

संस्थान के संकाय सदस्यों को कैरियर उन्नति योजना (सीएएस) के अर्न्तगत प्रोन्नति का लाभ अनुमन्य कराये जाने हेतु दिनांक 18.11.2017 से 01.12.2017 तक सम्पन्न हुयी स्क्रीनिंग सह–मूल्यांकन समिति/ चयन समिति की संस्तुतियाँ परिषद के समक्ष प्रस्तुत की गयीं जिसके अवलोकनोपरान्त परिषद ने स्क्रीनिंग सह–मूल्यांकन समिति द्वारा 11 संकाय सदस्यों (अनुलग्नक–1) को कैरियर उन्नति योजना (सीएएस) के अर्न्तगत प्रोन्नति का लाभ प्रदान किये जाने की संस्तुतियों पर स्वीकृति प्रदान की तथा 06 संकाय सदस्यों (अनुलग्नक–2) की संस्तुतियों को परिषद ने स्क्रीनिंग सह–मूल्यांकन समिति को पुर्नविचार के लिये भेजे जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद ने चयन समिति द्वारा 10 संकाय सदस्यों (अनुलग्नक–3) को कैरियर उन्नति योजना (सीएएस) के अर्न्तगत प्रोन्नति का लाभ प्रदान किये जाने की संस्तुतियों पर स्वीकृति प्रदान की तथा 09 संकाय सदस्यों (अनुलग्नक–4) की संस्तुतियों को परिषद ने चयन समिति को पुर्नविचार के लिये भेजे जाने हेतु निर्देशित किया।

25.10 संस्थान की स्थापना हेतु ग्राम कोछभाँवर की अधिग्रहीत भूमि के भूस्वामियों को मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उपलब्ध कराये जाने वाली धनराशि को शासन से अवमुक्त कराये जाने सम्बंधी प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ निर्णयार्थ प्रस्तुत।

संस्थान हेतु अधिग्रहीत भूमि के भूस्वामियों को मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उपलब्ध कराये जाने वाली धनराशि को शासन से अवमुक्त कराये जाने के प्रस्ताव पर परिषद द्वारा विचार किये जाने के पश्चात् निर्देशित किया गया कि, उक्त से सम्बंधित वादों की प्रभावी पैरवी अच्छे अधिवक्ता के माध्यम से की जाये। साथ ही भू–अध्यप्ति अधिकारी, झाँसी को भी सम्बंधित वादों मे अपने स्तर से प्रभावी पैरवी करते हुए वादों को निस्तारित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

25.11 संस्थान परिसर पर नगर निगम, झाँसी द्वारा सम्पत्ति कर (गृहकर) हेतु निर्धारित की गयी धनराशि को शासन से अवमुक्त कराये जाने सम्बंधी प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ निर्णयार्थ प्रस्तुत।

परिषद ने संस्थान परिसर पर नगर निगम, झाँसी द्वारा निर्धारित किये गये सम्पत्ति कर (गृहकर) का आगंणन गृहकर निर्धारण सलाहकार से कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उक्त के क्रम में परिषद ने यह सुझाव व्यक्त किया कि, गृहकर से सम्बंधित विधिक राय लेते हुए वांक्षित धनराशि हेतु प्रस्ताव शासन को सन्दर्भित किया जाये।

25.12 संस्थान के संकाय सदस्यों द्वारा उचित माध्यम से अन्य संस्थानों हेतु प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों की संख्या का निर्धारण किये जाने सम्बंधी प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ निर्णयार्थ प्रस्तुत।

परिषद ने निर्णय लिया कि, संकाय सदस्यों के आवेदन पत्रों को अग्रसारित किये जाने हेतु एक वर्ष की सेवा अवधि के उपरान्त एक वर्ष में दो आवेदन पत्रों को ही अग्रसारित किये जाने तथा विशेष परिस्थितियों में दो से अधिक आवेदन पत्रों को

अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अनुमति के उपरान्त ही अग्रसारित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

25.13 डा0 अभय कुमार वर्मा, प्रोफेसर सिविल इंजी0 विभाग द्वारा के.एन.आई.टी., सुल्तानपुर मे की गयीं पूर्व सेवाओं को पेंशनरी लाभ हेतु संस्थान की सेवाओं में जोड़े जाने सम्बंधी प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ निर्णयार्थ प्रस्तुत।

परिषद ने सम्बंधित शासनादेश के अनुपालन में डा0 अभय कुमार वर्मा की पूर्व सेवाओं को पेंशनरी लाभ हेतु संस्थान की सेवाओं में जोड़े जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की।

25.14 संस्थान में सेवारत शिक्षकों को अवैतनिक असाधारण अवकाश स्वीकृत किये जाने हेतु प्रतिशत का निर्धारण करने सम्बंधी प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ निर्णयार्थ प्रस्तुत।

परिषद ने बिन्दु–1 के क्रम में संस्थान मे सेवारत शिक्षकों को अन्य संस्थानों में सेवा प्रदान करने हेतु अवैतनिक असाधारण अवकाश स्वीकृत हेतु 10 प्रतिशत की सीमा संस्थान स्तर पर (प्रत्येक विभाग से अधिकतम एक संकाय सदस्य) इस शर्त पर निर्धारित की गयी कि, उक्त अवकाश केवल शासकीय संस्थानों मे सेवा देने हेतु अनुमन्य होगी। उक्त अवकाश की अधिकतम अवधि पाँच वर्ष होगी।

परिषद ने निदेशक व अन्य प्रशासनिक पदों पर शासकीय संस्थानों में सेवा प्रदान करने हेतु ही अवकाश को अनुमन्य किये जाने पर सहमति प्रदान की। साथ ही निजी संस्थानों मे सेवा प्रदान करने हेतु अवैतनिक असाधारण अवकाश की सुविधा अनुमन्य न किये जाने पर सहमति प्रदान की।

परिषद द्वारा शासकीय संस्थानों में नियमित पदों पर नियुक्ति होने की दशा में अवैतनिक असाधारण अवकाश को स्वीकृति किये जाने पर अपनी अहसमति व्यक्त की।

परिषद ने बिन्दु–2 के क्रम में डा0 जे0 पी0 सैनी को नेताजी सुभाष इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालॉजी, गवर्नमेन्ट आफ एन. सी.टी., दिल्ली में निदेशक के पद पर सेवा देने हेतु संस्थान की 24 वीं प्रशासकीय परिषद द्वारा तीन वर्ष के स्वीकृत अवैतनिक असाधारण अवकाश के क्रम में यह निर्देशित किया कि अतिरिक्त 02 वर्ष के अवैतनिक असाधारण अवकाश को डा0 सैनी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त ही प्रकरण पर सम्यक विचार किये जाने हेतु परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

V.C.

25.15 **संस्थान में नियुक्त अंशकालिक महिला चिकित्सक का मानदेय बढ़ाये जाने का प्रस्ताव परिषद के समक्ष विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने संस्थान हेतु रू0 20000 प्रतिमाह मानदेय पर नियुक्त की गयी अंशकालिक महिला चिकित्सक का मानदेय रू0 30000 प्रतिमाह किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

25.16 **संस्थान के प्रयोगशाला अनुचर स्व0 कैलाश बहादुर रिछारिया के पुत्र श्री रोहित रिछारिया को प्रयोगशाला अनुचर के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने से परिषद को अवगत कराना।**

परिषद संस्थान मे प्रयोगशाला अनुचर के पद पर की गयी अनुकम्पा नियुक्ति से अवगत हुई।

25.17 **संस्थान की 33वीं वित्त समिति के कार्यवृत्त परिषद के विचारार्थ/ अवलोकनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद संस्थान की सम्पन्न हुई 33 वीं वित्त समिति के बैठक के कार्यवृत्त से अवगत हुई।

25.18 **ऐ0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण कार्यो का प्रस्ताव परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने ऐ.के.टी.यू., लखनऊ द्वारा वित पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अर्न्तगत संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यो के प्रस्ताव से अवगत होते हुए अपना अनुमोदन प्रदान किया।

25.19 **संस्थान में माईनिंग इंजी0, एग्रीकल्चर इंजी0 व कैमिकल टेक्नोलॉजी के पाठ्यक्रमों को शुरू किये जाने का प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ निर्णयार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने संस्थान में चल रहे पाठ्यक्रमों का एन.बी.ए. एक्रीडिटेशन कराये जाने के उपरान्त ही नये पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ किये जाने पर अपनी सहमति प्रदान की तथा जिन पाठ्यक्रमों मे छात्रों की प्रवेश क्षमता में कमी हो रही है उन्हें बन्द किये जाने का निर्देश दिया गया।

25.20 **डा0 संतोष कुमार साहू द्वारा अतिरिक्त उपभोग किये गये अवैतनिक असाधारण अवकाश का प्रकरण परिषद के विचारार्थ/ निर्णयार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने प्रकरण पर 24 वीं प्रशासकीय परिषद की बैठक मे दिये गये निर्देश के कम में की जा रही कार्यवाही से अवगत होते हुए निदेशक, नियोक्ता अधिकारी की हैसियत से नियमानुसार प्रकरण पर कार्यवाही पूर्ण कर परिषद को अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

25.21 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं स्वीकृति।**

1. परिषद ने संस्थान के समस्त शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।
2. परिषद ने सिविल इंजीनियरिंग विभाग मे कन्सल्टेंसी/ टेस्टिंग की आय से सम्बंधित नियमों को पारदर्शिता के साथ बनाये जाने हेतु निर्देशित किया।
3. परिषद ने संस्थान मे संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों का एकीडिटेशन एन0बी0ए0 द्वारा कराये जाने की प्रक्रिया को तीव्र गति के साथ सम्पादित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त समाप्त हुई।

10/05/18
(प्रो0 वी0 के0 त्यागी)
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद
एवं
निदेशक, बीआईईटी, झाँसी।

11.05.18
(श्री भुवनेश कुमार)
उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
एवं
सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।

02/06/18
(इं0 राकेश गुप्ता)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बीआईईटी, झाँसी।